हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : durgpractical@gmail.com   वेब साइट : www.durguniversity.ac.in

क्रमांक /165/गोप./2025   दुर्ग, दिनांक 07/02/2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्व महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– सत्र 2024–25 की प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में ।

विषयान्तर्गत सत्र 2024–25 की स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक **11-02-2025** से **28-02-2025** तक संपन्न किया जाना हैं। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों के अंक प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारुप विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में ऑनलाईन दिनांक **10-02-2025** से उपलब्ध होगें, जिसे पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रायोगिक परीक्षा के अंक दर्ज कर बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक यथास्थान हस्ताक्षरित करें तथा अंक पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज करें। तत्पश्चात **Submit** कर **Lock** करें, **Lock** होने के पश्चात् प्रायोगिक अंक में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होने की तिथि में ऑनलाईन अंक दर्ज किया जाना अनिवार्य हैं।

बाह्य परीक्षकों द्वारा जिस पत्रक में ऑफलाईन अंक पेन से दर्ज किये जायेगे, उसे पर्ण (**Foil**) एवं पोर्टल में ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात किये गये प्रिंट आउट को प्रतिपर्ण (**Counter Foil**) माना जायेगा।

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात प्रिंट आउट प्राप्त कर लेंवे एवं बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक के हस्ताक्षरोपरांत सील बंद लिफाफे (**Foil/ Counter Foil**) विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **05-03-2025** तक अनिवार्यतः जमा करेंगे। प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः सूचित करें, ताकि सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों को अन्य महाविद्यालय में उक्त विषय की प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। अतः परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि वे संबंधित महाविद्यालय में आयोजित होने वाले प्रायागिक परीक्षा में अनुपस्थित न रहें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक /166/गोप./2025   दुर्ग, दिनांक 07/02/2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : **durgpractical@gmail.com** वेब साइट : *www.durguniversity.ac.in*

क्र. 167 / गोप. / 2025 दुर्ग, दिनांक 07 / 02 / 2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग

विषयः– आंतरिक मूल्यांकन (10%) के अंक ऑनलाईन दर्ज करने के संबंध में।

विषयान्तर्गत सत्र 2024–25 में स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अध्ययनरत नियमित छात्र–छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में दिनांक **11-02-2025** से **28-02-2025** तक ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। नियमित परीक्षार्थियों के विषय अनुसार सूची तथा आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरने हेतु निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय के पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें।

डाउनलोड किये गये **पर्ण/प्रतिपर्ण** के प्रारूप में महाविद्यालय के संबंधित विषय के आंतरिक परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरे जाने के उपरांत विश्वविद्यालय के पोर्टल में दिनांक **28-02-2025** तक अंक ऑनलाईन दर्ज किया जाना अनिवार्य है। परीक्षकों द्वारा जिस शीट में ऑफलाइन अंक पेन से भरे जायेंगे, उसे पर्ण माना जायेगा एवं पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् किये गये प्रिंट/हार्डकापी को प्रतिपर्ण माना जायेगा। आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक ऑनलाईन दर्ज किये बिना **पर्ण/प्रतिपर्ण** स्वीकार नहीं किया जावेगा। पोर्टल में अंक ऑनलाइन दर्ज करने के पश्चात् **पर्ण/प्रतिपर्ण** को विधिवत आंतरिक परीक्षक एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कर सील बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **05-03-2025** तक अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

टीपः– आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये ए–4 लिफाफे में ही जमा करना सुनिश्चित करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

क्र. 168 / गोप. / 2025 दुर्ग, दिनांक 07 / 02 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

प्रारुप

महाविद्यालय का नाम :– ....

केन्द्र क्र. ....

क्र.	कक्षा	विषय	बाह्य परीक्षक का नाम एवं पता	आंतरिक परीक्षक का नाम	परीक्षा तिथि	छात्रों की संख्या	अनुपस्थित छात्रों की संख्या	उपस्थित छात्रों की संख्या	महाविद्यालय द्वारा पारिश्रमिक प्रदान किया है, हॉ/नहीं